# क्षेत्र शिक्षाधिकारी कार्यालय, धारवाड ग्रामीण, धारवाड

**वार्षिक परीक्षा का प्रतिदर्श प्रश्न पत्र २०१८-१९** **नमूना-1**

**कक्षा : 10 वी** **विषय : हिंदी (तृतीय भाषा)** **कुल अंक : 80**

## खंड-क (गद्य, पद्य और पूरक वाचन)

**I. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए।** **6X1=6**

**1)** अब्दुल कलाम जी के बचपन में दुर्लभ वस्तु क्या थी ?

**2)** बसंत और प्रताप कहाँ रहते थे ?

**3)** परसाई जी धूप का चष्मा कहाँ रखे थे ?

**4)** आज मनुष्य का यान कहाँ जा रहा है ?

**5)** दोस्तो ने क्या तय किया ?

**6)** बहाने बनाने का प्रमुख कारण क्या है ?

**II. स्तंभ 'क' के साथ स्तंभ 'ख' को जोड़कर लिखिए।** **4X1=4**

**7)**

| क | ख |
|---|---|
| अ) ईमानदारों के सम्मेलन | i) आदिवासी |
| आ) सिंगफो | ii) राम भरोसो |
| इ) सुसत्यव्रत | iii) गुप्त मंत्रणा हुई |
| ई) दोनों के बीच | iv) व्यंग्य रचना |
| | v) नाटक |
| | vi) एकांकी |

**III. प्रथम दो पदों से सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे पद का संबंधित पद लिखिए।** **4X1=4**

**8)** नागपुर : संतरा :: कश्मीर : ________

**9)** गुलाब : पौधा :: सोनजूही : ________

**10)** फेसबुक : वरदान :: हैकिंग : ________

**11)** यशोदा : माता :: नंद : ________

**IV. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक दो या तीन वाक्यों में लिखिए।** **11X2=22**

**12)** सेब की हालत के बारे में लिखिए।

**13)** महादेवी वर्मा जी ने गिल्लू के प्राण कैसे बचाये ?

**14)** दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?

**15)** अब्दुल कलाम जी का बचपन बहुत ही निश्चिंतता और सादगी में बीतने के कारण लिखिए।

**16)** ई-गवर्नेन्स क्या है ?

**17)** समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए ?

**18)** धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट की ज़रूरत क्यों थी ?

**19)** बालकृष्ण अपनी माता से क्या-क्या शिकायतें करता है ?

**20)** गाँव को आदर्श गाँव कैसे बनाया जाता है ?

**21)** शनि किसका पुत्र है ? उसे शनैःचर क्यों कहा जाता है ?

**अथवा**

☆ शनि का निर्माण किस प्रकार हुआ ?

**22)** झूठ का सहारा लेते हैं तो क्या-क्या सहना पड़ता है ?

**अथवा**

☆ मीना मैडम ने छात्रों से अंत में क्या कहा ?

**V. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर तीन–चार वाक्यों में लिखिए।** **4X3=12**

23) मातृभूमि का स्वरूप कैसे सुशोभित है ?

24) बसंत ईमानदार लडका है। कैसे ?

25) बछेंद्री ने पहाड़ चढ़ने की तैयारी किस प्रकार की ?

26) निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए।

*जड़ चेतन, गुण–दोषमय,विस्व कीन्ह करतार।*
*संत–हंस गुण गहहिं पय, परिहरि वारि विकार॥*

**VI. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर चार–पाँच वाक्यों में लिखिए।** **2X4=8**

27) कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

☆ गिल्लू के प्रति महादेवी वर्मा जी की ममता का वर्णन कीजिए।

**28) निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए।**

"तुलसी साथी ....................................................... ।
..................................................... भरोसो एक॥"

**अथवा**

☆ "असफलता एक ....................................................
.......................................................................
.......................................................................
.................................................... मत भागो तुम।"

## खंड–ख (व्याकरण)

**VII. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प दिए गए है, जिनमें एक मात्र सही उत्तर है। सही उत्तर चुनकर लिखिए।** **8X1=8**

29) **'श्रीमान'** शब्द का **अन्य लिंग** रूप है ________
अ) श्री  आ) श्रीमति  इ) श्रीपति  ई) स्त्री

30) इनमें **'एक वचन'** शब्द है ______
अ) चीज़  आ) चीज़ों  इ) चीज़ें  ई) चीजाएँ

31) यह शब्द **'दीर्घ संधि'** का उदाहरण है ________
अ) धर्मात्मा  आ) गणेश  इ) नयन  ई) सदैव

32) **'माता–पिता'** शब्द में **समास** है ________
अ) द्विगु  आ) कर्मधारय  इ) तत्पुरुष  ई) द्वंद्व

33) **'पौ फटना'** इस **मुहावरा** का अर्थ है ________
अ) संध्या होना  आ) प्रभात होना  इ) रात होना  ई) पाव में दर्द होना

34) **'गात'** शब्द का **पर्यायवाची** (समानार्थक) शब्द है ________
अ) गत  आ) आघात  इ) शरीर  ई) इतिहास

35) **'सफल'** शब्द का **विलोम** शब्द है ________
अ) फल  आ) असफल  इ) फूल  ई) संतुष्ट

36) **'पेड़ ____ फल गिरा।'** – रिक्त स्थान में सही **कारक** चुनकर लिखिए।
अ) को  आ) में  इ) पर  ई) से

## खंड–ग
## (रचना, अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्र लेखन, निबंध)

**VIII. निम्न लिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **4X1=4**

कृष्णदेवराय विजयनगर साम्राज्य के सर्वाधिक कीर्तिवान राजा थे। वे स्वयं कवि और कवियों के संरक्षक थे। तेलुगु भाषा में उनका काव्य 'अमुक्त माल्यद' साहित्य का एक रत्न है। इनकी भारत के प्रचीन इतिहास पर आधारित पुस्तक 'वंशचरितावली' तेलुगु के साथ–साथ संस्कृत में भी मिलती है। प्रख्यात इतिहासकार तेजपाल सिंह धामा ने हिंदी में इनके जीवन पर प्रामाणिक उपन्यास 'आंध्रभोज' लिखा है। तेलुगु और कन्नड़ भाषा के आठ प्रसिद्ध कवि इनके दरबार में थे जो अष्टदिग्गज के नाम से प्रसिद्ध थे। कृष्णदेवराय ने अनेक प्रसादों, मंडपों और गोपुरों का निर्माण करवाया। रामस्वामी मंदिर के शिलाफलकों पर प्रस्तुत रामायण के दर्शनीय हैं।

**37)** विजयनगर साम्राज्य के सर्वाधिक कीर्तिवान राजा कौन थे ?
अ) तेजपाल आ) अष्टदिग्गज इ) कृष्णदेवराय ई) रामस्वामी

**38)** कृष्णदेवराय से लिखी तेलुगु साहित्य का रत्न कौनसी काव्य है ?
अ) अमुक्त माल्यद आ) वंशचरितावली इ) आंध्रभोज ई) कविराज मार्ग

**39)** कृष्णदेवराय के जीवन पर प्रमाणित उपन्यास कौनसा है ?
अ) आंध्रभोज आ) शब्दमणि दर्पणम् इ) रामचरित मानस ई) पद्मावत

**40)** रामायण के दृश्य किस मंदिर के शिलाफलकों पर हैं ?
अ) विजय विठ्ठल आ) रामस्वामी इ) धर्मस्थल ई) मंत्रालय

**IX. इन वाक्यों का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए।** **4X1=4**

**41)** दिन भर गिल्लू ने न कुछ खाया, न वह बाहर गया।
**42)** एक सेब भी खाने लायक नहीं।
**43)** यह गरीब है पर इसमें एक दुर्लभ गुण है।
**44)** वचनकार बसवण्णा क्रांतिकारी समाज सुधारक थे।

**X. 45) तीन दिन की छुट्टी की मंजूरी के लिए अपने प्रधानध्यापक जी को पत्र लिखिए।** **4 अंक**

अथवा

☆ **शैक्षिक यात्रा जाने के लिए ५००/– रु. माँगते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिए।**

**XI. 46) दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर १५–२० वाक्यों मे एक निबंध लिखिए।** **4 अंक**

**१) पर्यावरण प्रदूषण**
* तात्पर्य
* प्रकार
* कारण
* निवारण

**२) इंटरनेट**
* प्रस्तावना
* अर्थ
* लाभ
* हानियाँ
* समारोप

**३) जनसंख्या की समस्या**
* विषय प्रवेश
* वृद्धि के कारण
* परिणाम
* निवारण
* उपसंहार

*~*~*~*~*~*~*~*~*

| क्र. सं. | प्रश्न पत्र रचना के लिए नियोजित अध्यापक के नाम | पाठशाला | संपर्क संख्या | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रविकुमार दासर | सरकारी माध्यमिक पाठशाला, मादनबावी, धारवाड (जिला) | 7760331064 | |
| 2 | आर्. जी. नायक | सरकारी माध्यमिक पाठशाला, नरेंद्र, धारवाड (जिला) | 9663483183 | |
| 3 | वी. के. होन्नप्पनवर | जयकीर्ति माध्यमिक पाठशाला, गरग, धारवाड (जिला) | 9986803502 | |
| 4 | एस्. एस्. कटगूर | श्री मडिवाळेश्वर माध्यमिक पाठशाला, गरग, धारवाड (जिला) | 9739053102 | |
| 5 | एम्. वाय्. पाटील | सरकारी माध्यमिक पाठशाला, कोटबागी, धारवाड (जिला) | 9008193569 | |
| 6 | डी. आदित्य | श्री शांतेश्वर माध्यमिक पाठशाला, अम्मिनबावी, धारवाड (जिला) | 9886488567 | |
| 7 | श्री. ए. एम्. मुल्ला | एस्.जी.वी. सं.प.पू. महाविद्यालय, उप्पिनबेटगेरि, धारवाड (जिला) | 9902662870 | |
| 8 | एम्. वाय्. पेंटेद | सरकारी माध्यमिक पाठशाला, पुडकलकट्टी, धारवाड (जिला) | 9916533116 | |
| 9 | एच्. आय्. मुल्लानवर | सरकारी माध्यमिक पाठशाला, यरीकोप्पा, धारवाड (जिला) | 9449384056 | |